दैनिक जागरण 26/11/2024

मनोविज्ञान विभाग ने जिला विज्ञान प्रदर्शनी में जीता दूसरा पुरस्कार

अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरे स्थान पर रही जीएमएन कालेज की टीम प्राचार्य व अन्य के साथ। • **सौजन्य विज्ञप्ति**

जासं • अंबाला : राजकीय कालेज बरवाला पंचकूला में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के मनोविज्ञान विभाग की टीम ने दूसरा पुरस्कार हासिल किया है। टीम दशमीत व अनन्या ने स्ट्रेस अनामास्किंग द हिडर किलर माडल प्रस्तुत किया था। इस में तनाव को छिपे हत्यारे के रूप में उजागर करने के महत्व को ध्यान में रखते हुए डा. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में मनोविज्ञान के छात्रों द्वारा यह माडल तैयार किया गया था। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। माडल बनाने में दशमीत के अलावा अनन्या, रिधि, रिया, हर्ष, नंदिता, कृतिका, महक, आसिफ, मनप्रीत, रिंकी और लैब अटेंडेंट अनिल ने योगदान दिया।